10 AUG 2022

नवोदय टाइम्स

दिल्ली पुलिस का वर्दीवाला कलमकार कमांडो

■ 153 कविताएं सोशल मीडिया पर कर चुके हैं अपलोड

■ दिल्ली पुलिस में कवि के नाम से हैं मशहूर

वेस्ट दिल्ली, 9 अगस्त (महेश चौहान): बदमाशों से लोहा लेने वाले दिल्ली पुलिस के कमांडो हेड कांस्टेबल मुकेश शर्मा अनमोल पिछले काफी समय से कलम से अपनी भावनाओं को लिख रहे हैं, जिनकी कविताओं को यूट्यूब और फेसबुक पर काफी पसंद किया जा रहा है। मुकेश सोशल मीडिया पर वर्दीवाला कलमकार के नाम से जाने जाते हैं।

दिल्ली पुलिस में उनको एक शायर की निगाह से भी देखा गया है, जिनको कई बड़े प्रोग्रामों में सम्मानित भी किया जा चुका है। उनकी कुछ लेखिकाओं में इस बार राखी का त्योहार पर बहनों और भाईयों के लिए लिखा है। कान लगा कर ओ बहना, बस इतना सुनती जाना री, जा कर तू ससुराल बहन, राखी का दिन ना भुलाना री। इसके अलावा 15 अगस्त को लेकर लिखी कविता में लिखा शान तेरी पर देश मेरे, एक दिन हमको मिट जाना है, हो तीन रंग का कफन लाश पर,ऐसा कुछ कर जाना है। मुकेश शर्मा पिछले छह महीने से अक्षरधाम मंदिर की सुरक्षा में तैनात हैं। मुकेश शर्मा ने बताया कि वह मूलरूप से हरियाणा के रहने वाले हैं। पिता शिव कुमर भजन व कविताएं लिखते व गाते हैं। उनके ही आशीवांद से उनकी धरोहर को आगे बढ़ने की उनकी कोशिश रही है। वह अभी तक 153 कविताएं लिखकर फेसबुक और यूट्यूब पर अपलोड कर चुके हैं।



उनकी पांच साल की बेटी सिहा भी दादा और पिता की धरोहर को जिंदा रखने के पदचिन्हों पर चल पड़ी है। उसने भी छोटी सी उम्र में दो कविताएं लिखी हैं, जो सोशल मीडिया पर अपलोड हैं।2010 में मुकेश ने दिल्ली पुलिस ज्वाइन की थी। 12 सालों में वह दस थानों में तैनात रहे थे।